पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-16.03.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० श्री अनिल सिंह, स०वि०स० श्री सत्यदेव नारायण आर्य, स०वि०स० डा० उषा विद्यार्थी, स०वि०स०	"लखीसराय जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में आँगनबाड़ी सेविका-सहायिका की बहाली प्रक्रिया में मेधा सूची में फेरबदल की गई है । इतना ही नहीं मेधा सूची में सर्वाधिक अंक लाने की होड़ में महिला अभ्यर्थियों के परिजनों द्वारा फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का भी खूब प्रयोग किया गया है । जिला स्तर पर किसी भी पदाधिकारी द्वारा अबतक इस बहाली प्रक्रिया की सघन जाँच नहीं की गई है । सब कुछ प्रखण्ड कार्यालय में तैयार कर विभागीय आदेश का अनुपालन की खानापूर्त्ति की गयी है । अत: आँगनबाड़ी सेविका-सहायिका की उक्त बहाली प्रक्रिया की जाँच कर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं । "	समाज कल्याण

1	2	3	4
2.	श्री अब्दुल गफूर, स०वि०स०	"सहरसा जिला के अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड के भेलाही गाँव की लगभग 10 हजार आबादी है । इस गाँव में तथा गाँव के 5 कि०मी० की चौहद्दी में कोई बैंक नहीं रहने के कारण आम लोगों को काफी परेशानी होती है । अत: भेलाही गाँव में एक बैंक की शाखा खोलने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	वित्त (सांस्थिक)

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-3/15- 435 / वि०स०, पटना, दिनांक- 14 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / समाज कल्याण विभाग तथा वित्त (सांस्थिक) विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

14/3/15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-3/15- 435 / वि०स०, पटना, दिनांक- 14 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

14/3/15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।